**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 16.09.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- देश भर में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 कल से शुरू–द्वीपसमूह में भी विभिन्न गतिविधियां चलाई जाएगी ।
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– देश का कृषि क्षेत्र तीन दशमलव सात प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।
- लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारियों के लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
- ऊर्जा पे एप्लिकेशन और बिलिंग सिस्टम एप्लिकेशन के नए सर्वर में स्थानांतरित होने तक इनकी सेवाएँ उपलब्ध नहीं होंगी।

<><><><><><><>

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 कल से शुरू होने जा रहा है। कल नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने घोषणा की कि इस वर्ष यह अभियान स्वच्छता उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान, देश भर में बड़े पैमाने पर स्वच्छता गतिविधियाँ चलाई जाएँगी।

<><><><><><><>

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत, श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद कल से 2 अक्टूबर, तक 'स्वच्छता ही सेवा' पहल के तहत कई कार्यक्रमों के आयोजन करने जा रही है। इस पखवाड़े भर चलने वाले अभियान का उद्घाटन कल सुबह 7 बजे राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल के सामने स्वच्छता शपथ के साथ होगा और सेल्यूलर जेल परिसर से घंटाघर तक सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। नगरपालिका परिषद ने आम जनता से इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से अभिप्रेरित सरकार प्रगति और परिवर्तन के लिए लगातार काम कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज नवीकरणीय और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में सकारात्मक बदलावों के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यों का उल्लेख किया जा रहा है।

<><><><><><><>

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों और वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत तथा सरकार की नीतियों के कारण देश का कृषि क्षेत्र तीन दशमलव सात प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, जो विश्व में सर्वाधिक है। नई दिल्ली में कल राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन– रबी अभियान 2025 को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि राष्ट्र और किसानों के कल्याण के लिए राज्य और केंद्र मिलकर कार्य करते रहेंगे। श्री शिवराज सिंह चौहान ने कल दो दिन के राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन– रबी अभियान 2025 का उद्घाटन किया, जिसकी थीम – एक राष्ट्र– एक कृषि– एक दल है।

<><><><><><><>

इस स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर की दरें कम कर दीं। आज हम कुछ ऐसी वस्तुओं पर नज़र डालते हैं जिन पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है।

<><><><><><>

प्रशासन के लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारियों और अंडमान निकोबार कमान के कर्मचारियों के लिए 'कार्यालय प्रक्रिया, नोटिंग, प्रारूपण, अभिलेख प्रबंधन और आरटीआई' पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में शुरू हुआ यह प्रशिक्षण प्रशासन के प्रशासनिक सुधार एवं प्रशिक्षण विंग द्वारा सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। एआर एंड ट्रेनिंग सहायक सचिव शैलजा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। उन्होंने प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन करते हुए क्षमता निर्माण और कुशल प्रशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण कार्यक्रम 19 सितंबर तक जारी रहेगा।

<><><><><><>

ऊर्जा पे एप्लिकेशन और बिलिंग सिस्टम एप्लिकेशन के नए सर्वर में स्थानांतरित होने के बाद इसके संचालन में बाधा उत्पन्न हो रही है। विद्युत विभाग ने बिजली उपभोक्ताओं से कहा है कि अंडमान निकोबार राज्य डेटा केंद्र की ओर से मरम्मत कार्य किया जा रहा है। समस्या के समाधान तक इन दो एप्लिकेशन की सेवाएँ उपलब्ध नहीं होंगी। जुलाई माह के लिए भुगतान की निर्धारित तिथि, बिना विलंब शुल्क के बढ़ा दी जाएगी।

<><><><><><>

राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, यूटी स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से कल से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाराटांग में परिवार नियोजन नसबंदी सेवा का आयोजन किया जाएगा। नसबंदी दल का नेतृत्व डॉ. एम. के. साहा करेंगे। बाराटांग और कदमतला क्षेत्र के योग्य दम्पतियों से नसबंदी ऑपरेशन का लाभ उठाने को कहा गया है। इच्छुक दम्पति स्क्रीनिंग के लिए अपना नाम क्षेत्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के पंजीकृत करा सकते हैं।

<><><><><><>

हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत, राजभाषा विभाग, की ओर से कल श्री विजयपुरम मुख्यालय क्षेत्र के तमिल, बंगाली और तेलुगु माध्यम विद्यालयों के कक्षा 6वीं से 8वीं और 9वीं से 10वीं के विद्यार्थियों के लिए एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी श्रृंखला में, प्रशासन के विभिन्न विभागों और कार्यालयों के कर्मचारियों के लिए आज राजभाषा विभाग के हिंदी टंकण प्रशिक्षण केंद्र में हिंदी टंकण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><>

सीनियर सेकेण्डरी स्कूल जंगलीघाट में कल माइंडमास्टर क्लब का उद्घाटन किया गया। माइंडमास्टर क्लब का उद्देश्य छात्रों को शतरंज, तर्क–आधारित गतिविधियों, वाद–विवाद और नवीन परियोजनाओं में शामिल होने के लिए एक मंच प्रदान करना है। क्लब का उद्घाटन शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में युवा शिक्षार्थियों में रणनीतिक बुद्धिमत्ता को विकसित करने के महत्व पर जोर दिया और उन्हें हर चुनौती का धैर्य, तैयारी और दृढ़ता के साथ

सामना करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में डॉ. श्वेता और उप–शिक्षा निदेशक योजना अर्चना सिंह और शिक्षक उपस्थित थे।

**<><><><><><><>**

मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त कार्यालय परिसर में कल अपर जिला मजिस्ट्रेट सुशांत पाधा ने एलएमवी ड्राइविंग सारथिनी योजना का शुभारंभ किया। महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तैयार यह योजना महिलाओं के लिए हल्के मोटर वाहन ड्राइविंग प्रशिक्षण कक्षाएं प्रदान करने पर केंद्रित है। इस अवसर पर प्रवक्ताओं ने कहा कि सारथिनी केवल एक ड्राइविंग प्रशिक्षण पहल ही नहीं, बल्कियह द्वीपसमूह में महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता और आर्थिक समावेशन की दिशा में एक कदम है। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी, सहायक अभियंता, ब्लॉक कार्यालय के कर्मचारियों के अलावा स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया।

**<><><><><><><>**